केन्द्रीय विद्यालय हल्द्वानी छावनी, जिला-नैनीताल

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय विद्यालय हल्द्वानी छावनी में दिनांक 05.08.2023 (शनिवार) को प्रातः 10:00 बजे कम्प्यूटर संबंधी निष्प्रयोज्य ई-उपकरणों जैसे कम्प्यूटर, प्रिंटर, यूपीएस इत्यादि की नीलामी खुली बोली के आधार पर गठित समिति के सदस्यों के सम्मुख की जायेगी। सामग्री की बोली जहां है जैसे है आधार पर की जायेगी। इच्छुक फर्म/व्यक्ति दिनांक 03.08.2023 को नीलामी सामाग्री को प्रातः 10:00 से दोपहर 12:00 के बीच विद्यालय में आकर देख सकते है। अधिकतम बोलीदाता द्वारा सम्पूर्ण धनराशि जमा करने पर नीलामी सामाग्री को उसी दिन अपने हर्जे-खर्चे पर विद्यालय परिसर से ले जाना होगा। **नीलामी में शामिल होने हेतु ई-वेस्ट सामाग्री लेने वाले व्यक्ति / फर्म राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्राप्त ई-वेस्ट प्रमाण-प्रत्र, आधार कार्ड एवं 02 फोटो साथ में लेकर आना सुनिश्चित करें।** नीलामी को बिना कारण बतायें रद्द करने व अन्य अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेंगे। निष्प्रयोज्य वस्तुओं के न्यूनतम निर्धारित मूल्य नीलामी के समय घोषित किये जाएँगे। सभी बोलीदाताओं को नीलामी में शामिल होने हेतु धरोहर राशि रु-1000/- नीलामी वाले दिन विद्यालय में जमा करनी होगी, जोकि नालामी समाप्ती पर उन्हें लौटा दी जायेगी।

प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय

पत्रांक- फा.1373/02/के.वि. हल्द्वानी/2023-24/ दि. 01.08.2023